हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित एवं जनपद बिजनौर, रामपुर, अमरोहा और सम्भल से प्रसारित

RNI. NO.UPHIN/2021/83522 https://www.moradabadprahari.com

# मुरादाबाद प्रहरी

Email :-moradabadprahari@gmail.com

वर्ष : 05 अंक : 30 मुरादाबाद, मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025 पृष्ठ : 4 मूल्य : 2 रुपये

मुरादाबाद में झमाझम बारिश के बाद बदला मौसम, बिजली गिरने से खेत में काम कर रही महिला समेत दो की मौत-पेज 4

## जल संचयन पर मुख्यमंत्री के सख्त आदेश, रोकनी होगी पानी की बर्बादी

- सीएम ने दिए नमामि गंगे की समीक्षा बैठक में निर्देश
- अवैध कर वॉशिंग सेंटर पर रहेगी नजर

**मुरादाबाद प्रहरी, लखनऊ।** बरसों से चले आ रही पानी की बर्बादी अब रोखनी पड़ेगी 100 वर्ग मीटर से बड़े भवनों में जल संचयन अनिवार्य कर दिया गया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमामि गंगे की समीक्षा बैठक लेते हुए दिशा निर्देश जारी किए मुरादाबाद में अवैध कर वॉशिंग सेंटर पर जल काल विभाग की नजर रहेगी, वर्षा का जल संचयन और ग्राउंडवाटर रिचार्जिंग की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार का यह महत्वपूर्ण निर्णय है प्रदेश में 1 से 5 हैकटेयर तक के 16000 तालाब में से 13000 का जीव उधर करवाया गया है सीएम ने कहा कि बारिश से पहले 1 अप्रैल और 15 जून तक कुमारन को तालाब में से मुफ्त में मिट्टी निकलवाने की छूट दी जाए जिससे तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सके बारिश के बाद इन्हें मत्स्य पालन और सिंघाड़ा उत्पादन के उपयोग में लगाकर रोजगार के अवसर सृर्जित किए जाएंगे।

## नेपाल में लगातार हो रही बारिश से 18 लोगों की मौत, नदियों का जलस्तर बढ़ा

### सेना ने विमान की मदद से घटनास्थल से एक गर्भवती महिला समेत दो घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए धरान नगरपालिका के अस्पताल भेजा

**मुरादाबाद प्रहरी, काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत में शनिवार की शाम से लगातार बारिश के कारण कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घोसांग में छह और मंगसेबुंग में पांच लोगों की मौत हो गई।

वहीं इलम जिले के अन्य इलाकों में सात अन्य लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि नेपाल की सेना को बचाव कार्य के लिए तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सेना ने विमान की मदद से घटनास्थल से एक गर्भवती महिला समेत दो घायलों को बाहर निकाला है जिन्हें इलाज के लिए धरान नगरपालिका के अस्पताल में ले जाया गया है।

खराब मौसम के कारण बचाव अभियान भी प्रभावित हुआ है। नेपाल के सात प्रांतों में से पांच प्रांतों में मानसून सक्रिय है जिनमें कोशी, मधेश,बागमती, गण्डकी और लुम्बिनी शामिल हैं। नेपाली अधिकारियों ने शनिवार को अगले तीन दिन के लिए लगातार बारिश के कारण भूस्खलन होने की आशंका की वजह से काठमांडू में वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है।



राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण ने एक सूचना जारी कर कहा है कि काठमांडू घाटी में शनिवार से सोमवार के बीच वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने लोगों से अगले तीन दिनों तक लंबी दूरी तक वाहन न चलाने को भी कहा है।

बागमती और पूर्वी राप्ती नदियों के आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मानसून के सक्रिय होने के कारण शुक्रवार रात से काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

इस बीच, खराब मौसम के कारण त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) से घरेलू उड़ानें रोक दी गई हैं। काठमांडू स्थित टीआईए के महाप्रबंधक हंस राज पांडे ने बताया कि काठमांडू, भरतपुर, जनकपुर, भद्रपुर, पोखरा और तुमलिंगतार से घरेलू उड़ानों पर अगली सूचना तक के लिए रोक लगा दी गई है।

### पश्चिम बंगाल पर मॉनसून की मार , भूस्खलन से 6 की मौत ,भरभराकर ढहा पुल

**दार्जिलिंग।** पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा दिया है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक क्षेत्र में भारी भूस्खलन से कम से कम छह लोगों की जान चली गई, जबकि मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला ऐतिहासिक दुदिया लोहे का पुल अचानक गिर पड़ा। इस आपदा ने सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग राजकीय राजमार्ग-12 को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया, जिससे हजारों यात्री फंस गए। वीडियो फुटेज में पुल के मलबे के बीच बहते पानी और चीख-पुकार का दृश्य साफ दिख रहा है। स्थानीय प्रशासन और आपदा मोचन टीमों ने तुरंत बचाव अभियान चला दिया है, लेकिन रुक-रुक कर हो रही बारिश और कीचड़ भरी राहों ने काम को जटिल बना दिया। अधिकारियों ने जनता से पहाड़ी इलाकों और नालों के किनारे से बचने की सलाह जारी की है। फिलहाल, कई गांवों को खाली कराकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। दार्जिलिंग जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, "हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना है, लेकिन मौसम की मार से राहत कार्य धीमा पड़ रहा है।"

## ट्रंप प्रशासन को US फेडरल कोर्ट से झटका पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**मुरादाबाद प्रहरी, पोर्टलैंड।** अमेरिका में ओरेगन राज्य के एक संघीय न्यायाधीश ने राज्य और उसके शहर पोर्टलैंड द्वारा दायर एक मुकदमे में फैसला सुनाते हुए देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के पोर्टलैंड में 'नेशनल गार्ड' तैनात करने के आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है।

ट्रंप प्रशासन ने केंद्रीय अधिकारियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड तैनात करने का आदेश दिया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश करिन इमरगुट ने मुकदमे में बहस लंबित रहने तक यह आदेश जारी किया।

वादियों का कहना है कि 'नेशनल गार्ड' की यह तैनाती अमेरिकी संविधान के साथ-साथ उस संघीय कानून का भी उल्लंघन है जो आम तौर पर घरेलू कानूनों को लागू करने में सेना के इस्तेमाल पर रोक लगाता है।

इमरगुट ने अपने आदेश में लिखा कि यह मामला तीन मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के परस्पर संबंध से जुड़ा हैः ''संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू



कानून प्रवर्तन के बीच संबंध और सरकार की कार्यपालिका, विधानपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन।''

न्यायाधीश ने कहा कि आम तौर पर राष्ट्रपति उन परिस्थितियों में 'नेशनल गार्ड' सैनिकों की तैनाती का आदेश दे सकते हैं जब नियमित कानून प्रवर्तन बल अमेरिका के कानूनों का पालन नहीं कर पाते लेकिन पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि वादियों ने यह साबित किया कि राष्ट्रपति के आदेश से पहले पोर्टलैंड आव्रजन केंद्र में हुए प्रदर्शन अधिक हिंसक या विघटनकारी नहीं थे। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति का यह निर्णय तथ्यों से बिल्कुल परे है।'' रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि वह ओरेगन के 'नेशनल गार्ड' के 200 सदस्यों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में रख रहा है ताकि उन जगहों पर संघीय संपत्ति की सुरक्षा की जा सके जहां प्रदर्शन हो रहे हैं या होने की संभावना है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एवं इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन इलिनोइस के नेशनल गार्ड के 300 सैनिकों का संघीयकरण करने की योजना बना रहा है, जो अमेरिकी शहरों में राष्ट्रपति द्वारा संघीय हस्तक्षेप की हालिया वृद्धि को दर्शाता है।

ट्रंप ने पोर्टलैंड और शिकागो दोनों को अपराध और अशांति से ग्रस्त शहर बताया है। उन्होंने पोर्टलैंड को ''युद्ध क्षेत्र'' कहा है और सुझाव दिया है कि पोर्टलैंड में समस्याओं को खत्म करने के लिए यह तैनाती आवश्यक है।

## फास्ट टैग के नए नियम होंगे लागू बिना फास्टैग वालों को मिलेगी छूट

**मुरादाबाद प्रहरी, लखनऊ।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा पर भुगतान का नियम 15 नवंबर से बदल जायेगा। वैध फास्टैग के बिना प्रवेश करने वाले वाहनों से सामान्य टोल राशि के मुकाबले 1.25 गुना शुल्क लिया जाएगा, लेकिन यह शुल्क भी यूपीआई के माध्यम से ही लिया जायेगा। वहीं नकद भुगतान करने पर पहले की तरह दो गुना शुल्क ही देना पड़ेगा।

दरअसल, सरकार डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, यही वजह है कि नकद लेन देने को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। इस समय वैध फास्टैग के बिना यात्रा करने वालों को नकद भुगतान पर दोगुना टोल शुल्क देना पड़ता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए नकद लेनदेन को समाप्त करने का फैसला लिया गया है, भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 में संशोधन किया है। मंत्रालय ने कहा, नए नियम के तहत वैध और




चालू फास्टैग के बिना शुल्क प्लाजा में प्रवेश वाले वाहनों से यूपीआई के जरिये सवा (1.25) गुना ही शुल्क लिया जायेगा। वहीं नकद भुगतान दो गुना ही रहेगा।

## आवासीय भवनों में व्यवसाय करने वालों पर एमडीए की नजर टेढ़ी

- आंख पर पट्टी बांध के रहे एमडीए के अवर अभियंता
- नए माडल भवन उपविधि से अवैध को वैध करने का मिलेगा मौका

**मुरादाबाद प्रहरी, संवाददाता।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा नए बिल्डिंग का इलाज के तहत कार्रवाई करने के लिए कमर कस ली है आवासीय मकानों में दुकान या शोरूम का उपयोग करने वालों के लिए कंपाउंडिंग शुल्क जमा करना पड़ेगा आवासीय भूखंड पर केवल आवास ही बनाया जा सकेगा आवासीय परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों करने वाले भवन स्वामियों को नए सिरे से नक्शा पास करना पड़ेगा। एमडीए ने मॉडल भवन उपविधि 2025 और मॉडल जॉइनिंग रेगुलेशन उपाधि 2025 के तहत शहर की आवासीय कॉलोनीयों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने की कार्यवाही शुरू कर दी है हालांकि इसकी जानकारी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को पहले से ही थी और एमडीए के अवर अभियंता की मिली भगत से काफी बड़े आवासीय भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण कर दिया जाता था इसके बदले में परिसर स्वामी अवर अभियंता व उनके दलालों को भारी धनराशि सुविधा शुल्क के रूप में उपलब्ध कराता था, अपनी ही बसाई हुई कॉलोनी में




एमडीए के अधिकारियों की मिली भगत से आवासीय परिसर में धड़ल्ले से व्यावसायिक गतिविधियों का उपयोग हो रहा था । एमडीए सचिव अंजू लता ने स्पष्ट कर दिया है कि नए मॉडल बिल्डिंग बायोलाज के अंतर्गत घर को व्यवसायिक इस्तेमाल करने वाले लोगों को नक्शा पास करने के लिए आवेदन करके कंपाउंडिंग राशि जमा करनी होगी अगर कोई भवन स्वामी कंपाउंडिंग या नक्शा पास करने में लापरवाही करता है तो उसे पर विभागीय कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी

## सनातन का अपमान नहीं सहेंगे : सुप्रीम कोर्ट में कार्यवाही के दौरान सीजेआई पर वकील ने की जूता फेंकने की कोशिश

**मुरादाबाद प्रहरी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान एक वकील ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की ओर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की। वकीलों ने यह जानकारी दी। यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी।

वकील मंच के पास पहुंचा, अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीश की ओर फेंकने की कोशिश की। अदालत कक्ष में मौजूद सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और हमले को रोका और वकील को तुरंत अदालत परिसर से बाहर ले जाया गया।

जब वकील को ले जाया जा रहा था, तो उसे चिल्लाते हुए सुना गया, ''सनातन का अपमान नहीं सहेंगे''। घटना के बाद सीजीआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, ''इन सब बातों से विचलित मत



होइए। हम विचलित नहीं हैं। इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता।'' उच्चतम न्यायालय की सुरक्षा इकाई ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अभी यह पता नहीं चला है कि वकील ने इस हरकत को क्यों अंजाम दिया।

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर है। सुप्रीम कोर्ट बार में उनका रजिस्ट्रेशन 2011 का है। माना जा रहा है कि वकील CJI गवई की मध्य प्रदेश के खजुराहो में भगवान विष्णु की 7 फुट ऊंची सिर कटी मूर्ति की पुनर्स्थापना पर की गई टिप्पणियों से नाराज था।CJI ने 16 सितंबर को खंडित मूर्ति की बहाली की मांग वाली याचिका खारिज करते हुए कहा था- जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो।




# ट्रंप–शरीफ मुलाकात के मायने

संयुक्त राष्ट्र की बैठक के बाद व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पर दुनिया भर की निगाहें गयी हैं। ट्रंप और शरीफ की तीन दिन में यह दूसरी मुलाकात थी। व्हाइट हाउस से पहले दोनों ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान मुलाकात की थी। इसके ब्योरे हैं कि ट्रंप ने मुलाकात से पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को इंतजार कराया, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि इसके पीछे पाकिस्तान को नीचा दिखाने की कोई मंशा रही होगी। उल्टे ट्रंप ने वहां मौजूद अधिकारियों से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और सेनाध्यक्ष की तारीफ की। पाकिस्तान ने इस मुलाकात का ब्योरा दिया है, जिसमें कहा गया है कि ट्रंप और शरीफ ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने में आपसी सहयोग बढ़ाने पर बातचीत की। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान तथा सुरक्षा और खुफिया सहयोग बढ़ाने की दिशा में पाकिस्तान की भूमिका पर अमेरिका द्वारा समर्थन करने के लिए शरीफ ने ट्रंप का शुक्रिया अदा किया है। हालांकि अमेरिका ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। ट्रंप ने शरीफ और मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की और मीडिया को इस बैठक से दूर रखा गया। इसे दूसरी तरह से देखा जाना चाहिए। अमेरिकी क्रिप्टोकरेंसी फर्म वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने कुछ महीने पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टोकरेंसी समझौता किया है। इस अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार की 60 फीसदी हिस्सेदारी है। ट्रंप पर आरोप है कि अपने पद का दुरुपयोग वह पारिवारिक कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और सेनाध्यक्ष के साथ ट्रंप की गोपनीय बैठक के पीछे यह भी कारण हो सकता है। ट्रंप की पाकिस्तान से नजदीकी हाल के कुछ महीनों में जिस तरह से बढ़ी है, वह कोई रहस्य नहीं है। अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते बहुत पुराने हैं। पाकिस्तान अमेरिका का गैर नाटो सहयोगी है। बीच के वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते सहज नहीं थे। ट्रंप ने अपने पिछले राष्ट्रपति काल में पाकिस्तान को आतंकवाद की पनाहगाह तक कहा था, लेकिन दूसरे कार्यकाल में कई कारणों से वह पाकिस्तान को प्रश्रय दे रहे हैं। पाकिस्तान के साथ अमेरिकी नजदीकी का पहला कारण भारत–पाकिस्तान संघर्ष के बाद का संघर्षविराम है। ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उनके कहने पर दोनों देशों के बीच संघर्षविराम हुआ था। भारत ने ट्रंप के इस दावे को खारिज किया है, जबकि पाकिस्तान अमेरिका के सामने बिछा हुआ है। उसने न सिर्फ संघर्षविराम का श्रेय ट्रंप को दिया है, बल्कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाक प्रधानमंत्री शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति को शांति का पुजारी बताते हुए कहा कि उन्होंने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप का नाम सामने रखा है। इसलिए ट्रंप पाकिस्तान से खुश और भारत से नाराज हैं।

## अपनी समस्या एवं सुझाव हमें भेजें



सुधी पाठकों से अनुरोध है कि वह अपनी समस्याओं एवं समाचार पत्र से संबंधित सुझाव हमें भेजें, हम सभी पाठकों द्वारा भेजे गए पत्रों को अनपे समाचार पत्र में अवश्य प्रकाशित करेंगे। साथ ही पाठकों की समस्याओं को संबंधित विभाग अथवा अधिकारी तक पहुंचाने का पूर्ण प्रयास करेंगे, जिससे संबंधित पाठकों की समस्याओं का निदान संभव हो सके। आप अपने सुझाव हमें ई–मेल व व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

**योगेश कश्यप-संपादक**


व्हाट्सएप नंबर : 9837161743

ई–मेल :- moradabadprahari@gmail.com

# करवाचौथ से चमकेंगे इन 3 राशियों के सितारे

## 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा करवा चौथ, सूर्य-चंद्र का शुभ गोचर लाएगा खुशहाली

**मुरादाबाद प्रहरी, संवाददाता।** करवा चौथ का पावन पर्व सुहागिनों के लिए बहुत खास होता है। साल 2025 में करवा चौथ 10 अक्टूबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य और चंद्रमा के विशेष गोचर के कारण कुछ राशियों के लिए यह समय अत्यंत शुभ और गोल्डन टाइम लेकर आ रहा है। करवा चौथ का पावन पर्व सुहागिनों के लिए बहुत खास होता है। साल 2025 में करवा चौथ 10 अक्टूबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य और चंद्रमा के विशेष गोचर के कारण कुछ राशियों के लिए यह समय अत्यंत शुभ और गोल्डन टाइम लेकर आ रहा है। आइए जानते हैं यह ज्योतिषीय संयोग किन 3 राशियों के लिए सबसे अधिक लाभकारी सिद्ध होगा और उनके जीवन में क्या बड़े बदलाव लाएगाः



**वृषभ राशि**

वृषभ राशि के लिए यह समय अत्यंत शुभ रहेगा क्योंकि चंद्रमा स्वयं आपकी राशि में उच्च स्थान पर विराजमान रहेंगे। यह स्थिति आपके मन, भावनाओं और वैवाहिक सुख को सीधे प्रभावित करेगी, जिससे आपका गोल्डन टाइम शुरू होगा। यदि आपके रिश्ते में कोई नाराजगी या मनमुटाव चल रहा है, तो वह समाप्त होगा। आपके साथी द्वारा आपको मनचाहा उपहार मिलने की संभावना है और वे आपको मनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। करियर के क्षेत्र में नए और बेहतर अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि का योग बन रहा है। युवा वर्ग को घरवालों का पूरा साथ मिलेगा, जिससे वे नए काम की शुरुआत कर सकते हैं।

**कर्क राशि**

कर्क राशि के स्वामी स्वयं चंद्रमा हैं और उनका उच्च राशि में होना इस राशि के जातकों को मानसिक शांति और सुख-समृद्धि प्रदान करेगा। आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। माता से चल रही दूरी समाप्त हो सकती है और आपको उनका विशेष सहयोग मिलेगा। घर के बड़े-बुजुर्गों को भी अच्छा महसूस होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी समझदारी बढ़ेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में सोच-समझकर किया गया निवेश भविष्य में बड़ा लाभ देगा। प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने के योग बन सकते हैं।

**तुला राशि**

तुला राशि में सूर्य का गोचर होगा, जिससे इस राशि के जातकों को मान-सम्मान, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि मिलेगी। नौकरी और व्यवसाय में आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। आप कार्यक्षेत्र में अपने विचारों से सबको प्रभावित करेंगे और आपको वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा समर्थन मिलेगा। नए अवसर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। व्यापारियों का आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यदि आपने पहले किसी निवेश में नुकसान उठाया है, तो सोच-समझकर जमीन का सौदा करने पर सभी नुकसान कवर होने की संभावना है। आय के नए स्रोत बनेंगे।

# 30 की उम्र तक शादी, 35 तक मां बनने से कम होता स्तन कैंसर का जोखिम

**मुरादाबाद प्रहरी, लखनऊ।** सही उम्र में शादी और मां बनने से महिलाओं में स्तन कैंसर के जोखिम को कम करता है। 30 की उम्र तक शादी और 35 तक बच्चे का जन्म होना महिलाओं की सेहत के लिए फायदेमंद है। सही उम्र में शादी व बच्चे होने से जीवनकाल में मासिक धर्म चक्रों की संख्या कम हो जाती है। शिशु को छह माह तक स्तनपान भी कराना चाहिए। स्तनपान से फिगर बिगड़ने की धारणा भी गलत है। ये जानकारी शनिवार को केजीएमयू में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. नसीम अख्तर ने साझा की।


संस्थान के शताब्दी भवन के सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने बताया कि स्तन में पड़ने वाली हर गांठ कैंसर नहीं होती। 80 फीसदी गांठें सामान्य होती हैं, लेकिन सभी गांठ की जांच कराना जरूरी है। इसे नजरअंदाज करना समस्या उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और इलाज मिलने से स्तन कैंसर पीड़ित महिलाएं स्वस्थ जीवन जी सकती हैं, किंतु इलाज में देरी घातक हो सकती है। डॉ. नसीम अख्तर ने कहा कि स्तन कैंसर का कारण अनुवांशिक भी हो सकता है। पांच से 10 प्रतिशत स्तन कैंसर अनुवांशिक है। जिन महिलाओं को 40 साल से कम उम्र में स्तन कैंसर हो, ऐसे परिवार की सदस्य सर्तक रहें। ऐसे परिवार की महिलाओं को साल में एक बार स्तन की जांच करानी चाहिए। मैमोग्राफी जांच सबसे सुरक्षित है।



डॉ. समीर गुप्ता ने कहा कि महिलाएं स्तन में पड़ने वाली गांठ को लेकर शर्म और झिझक महसूस न करें। कैंसर रोग विशेषज्ञ की सलाह लें। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, आरामतलबी और मोटापा कैंसर की एक वजह बन सकता है। डॉ. पुनीत प्रकाश ने बताया कि 10 साल पहले स्तन कैंसर को मात दे चुकी आधा दर्जन महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सरकार की तमाम योजनाएं हैं जिनके तहत कैंसर मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाता है। इसमें असाध्य, आयुष्मान, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री राहत कोष से मरीजों को इलाज में मदद की जा रही है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. समीर, डॉ. शिव राजन, रेडियोथेरेपी डॉ. मृणालिनी मौजूद रहीं।

# अब हर घर गूंजेगा राम नाम, अयोध्या मंदिर ने शुरू की नई ऑनलाइन आरती सेवा

**मुरादाबाद प्रहरी, अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक नई व्यवस्था शुरू की है जिसके तहत अब राम भक्त केवल बालक राम की नहीं, बल्कि राम दरबार में विराजित राजाराम की आरती में भी शामिल हो सकेंगे। यह सुविधा राम मंदिर के पहले तल पर स्थापित राम दरबार के लिए शुरू की गई है। इतना ही नहीं, जो भक्त अयोध्या नहीं आ पा रहे हैं, वे घर बैठे ही राजा राम की आरती का सीधा प्रसारण भी देख सकेंगे। ट्रस्ट ने इसके लिए दूरदर्शन की टीम के साथ मिलकर राम मंदिर परिसर के भूतल और प्रथम तल पर आवश्यक सेटअप लगा लिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह नई आरती सुविधा और उसका सजीव प्रसारण अगले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है।



**आरती में शामिल होने की प्रक्रिया**

**दो आरती के दर्शनः** इस नई पहल से अब भक्तों को घर बैठे राम मंदिर की दो आरती- एक बालक राम की श्रृंगार आरती और दूसरी राजा राम की आरती—के दर्शन हो सकेंगे।

**पास की व्यवस्थाः** राम दरबार की आरती में भक्तों के शामिल होने के लिए पास जारी करने का विचार है। ट्रस्ट अभी इस पर अंतिम निर्णय लेगा लेकिन यह माना जा रहा है कि यह प्रक्रिया बालक राम की आरती के पास बनाने के समान ही होगी।

**ऑनलाइन पासः** राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया है कि भक्त बालक राम की आरती के लिए तो पहले से ही ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पास बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें उम्र का प्रमाण और एक आईडी कार्ड अपलोड करना होता है। संभावना है कि राजा राम की आरती के लिए भी इसी तरह पास बनाए जा सकेंगे। ट्रस्ट ने राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरती का जिम्मा दूरदर्शन को सौंपा था लेकिन पहले तल पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण प्रसारण शुरू नहीं हो पाया था। अब निर्माण पूरा होने पर यह नई सुविधा जल्द ही शुरू होने वाली है।

## आगरा में भीषण हादसा

# कंटेनर और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत




**मुरादाबाद प्रहरी, आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में एक कंटेनर और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि सिकंदरा थाना क्षेत्र स्थित मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुनकता के पास आगरा से मथुरा की ओर जा रहे एक कंटेनर और सामने से आ रहे ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई जिससे कंटेनर चालक विजेंद्र (45) और रीमा (35) नामक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

# सुशीला देवी बनीं जिले की सर्वश्रेष्ठ रसोइया

## रामावती और संगीता मौर्या रहीं द्वितीय व तृतीय, बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता

**मुरादाबाद प्रहरी, बाराबंकी।** मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने और रसोइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ेल परिसर में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, समाजसेवी राजकरन सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकास खंडों से कुल 30 रसोइयों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 28 रसोइयां उपस्थित रहीं। मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार लॉटरी प्रणाली से व्यंजन तहरी का चयन किया गया।

सभी प्रतिभागियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई और उन्होंने अपने-अपने स्टॉल पर भोजन पकाना शुरू किया। निर्णायक मंडल में बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, प्रधानाचार्य नंदिता सिंह, वी.के. गुप्ता, प्राची शुक्ला, शेफ साधना बाजपेयी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी भगौती प्रसाद, डॉ. वंदना चौहान, तथा बंकी ब्लॉक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।




निर्णायकों ने भोजन की स्वच्छता, स्वाद, पौष्टिकता, प्रस्तुति और व्यवहार के आधार पर अंक प्रदान किए। अंकों के आधार पर त्रिवेदीगंज विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हुसैनाबाद की रसोइया सुशीला देवी प्रथम, पूरेडलई ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय हसौर की रसोइया रामावती द्वितीय, और सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बदोसरांय की रसोइया संगीता मौर्या तृतीय स्थान पर रहीं।

विजेताओं को क्रमशः 3500, 2500 और 1500 रुपए नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अन्य सभी प्रतिभागियों को 300 रुपए का सांत्वना पुरस्कार और 350 रुपए का यात्रा भत्ता दिया गया। पुरस्कार एवं भत्ते की धनराशि रसोइयों के बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रतियोगिता का संयोजन जिला समन्वयक पीएम पोषण डॉ. पीयूष कुमार एवं सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया, जबकि एमआईएस समन्वयक पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने विशेष सहयोग दिया। संचालन एआरपी सुभाष चंद्र तिवारी ने किया।

इस अवसर पर विनीता मिश्रा, पुनीत मणि त्रिपाठी, रीतू पाठक, पंकज कुमार वर्मा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्रा, अजिता श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, विवेक वर्मा, दिवाकर अवस्थी, आशीष सिंह, रवि नाग, विशाल कुमार, अमित कुमार, नाथूराम, और मनोज कुमार बाथम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प : अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री योगी

**मुरादाबाद प्रहरी, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता देना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर में एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं, सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले आदि किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो, संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए।



राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# कानपुर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती




**मुरादाबाद प्रहरी, लखनऊ/कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज के बीच एक अप्रत्याशित मोड़ आ गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के चार सदस्यों की अचानक तबीयत खराब हो गई। तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की हालत सबसे नाजुक बनी हुई है। हेनरी के पेट में दर्द के बाद तुरंत ही उन्गें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकी बाकी तीन खिलाड़ियों को डॉक्टर्स ने जांच के बाद घर भेज दिया गया, लेकिन अब हेनरी की सेहत स्थिर होने की खबर है।

फिलहाल ऐसा अनुमाल लगाया जा रहा है कि होटल में परोसे गए खाने की वजह से यह समस्या हुई है, हालांकि न तो मेडिकल टीम ने और न ही ऑस्ट्रेलियाई प्रबंधन ने इसकी औपचारिक तसदीक की है। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया-ए का भारत दौरा जोरों पर है—पहले टेस्ट सीरीज संपन्न हुई, अब वनडे मुकाबले गरम हैं। इन चार प्रभावितों में हेनरी थॉर्नटन सबसे ज्यादा चिंता का विषय बने, जबकि अन्य तीनों को जल्दी राहत मिल गई। इस हादसे के बाद टीम ने अपना डाइट प्लान पूरी तरह से बदल दिया है, ताकी आगे से ऐसा कुछ न हो।

फिलहाल खाद्य सुरक्षा विभाग ने सतर्कता बरतते हुए होटल से खिलाड़ियों के लिए बनाए गए खाने जासे कि अरहर की दाल, मटर पनीर, चावल, ग्रिल्ड चिकन और सूखे मेवों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए हैं।

इधर, कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा, "अगर भोजन में कोई खामी होती, तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के तमाम खिलाड़ी प्रभावित हो जाते... लैंडमार्क शहर का टॉप होटल है, सभी लोग वहीं का खाना खा रहे हैं.।

# नशे में धुत पिता ने एक साल के बच्चे को मार डाला धारदार हथियार से काट कर उतारा मौत के घाट

**मुरादाबाद प्रहरी, बलिया।** जिले के बैरिया क्षेत्र में नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपने एक वर्ष के बेटे की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि जिले के बैरिया क्षेत्र स्थित सुरेमनपुर गांव में शनिवार की रात रूपेश तिवारी ने अपने एक वर्ष के बेटे किनू पर धारदार हथियार से प्रहार किया। इलाज के लिए ले जाते समय किनू की मृत्यु हो गई। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि रूपेश तिवारी नशे का आदी है। वह अक्सर अपनी पत्नी और ससुर के साथ दुर्व्यवहार और उनकी पिटाई करता रहता था। रूपेश शनिवार की शाम को शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी पत्नी की पिटाई करने लगा। साथ ही अपने पिता कमलेश तिवारी को भी जोर—जोर से अपशब्द बोलने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगा।

कुरैशी ने बताया कि उसकी पत्नी घर पर अपने एक वर्ष के बेटे किनू और तीन वर्ष की बेटी अनन्या को अपने ससुर के पास छोड़कर पति के डर से गांव के ही एक व्यक्ति के घर चली गयी थी। घर



में रूपेश और उसके दोनों बच्चे ही थे। उन्होंने बताया कि रूपेश की पत्नी रीना तिवारी रविवार की सुबह अपने ससुर के साथ घर लौटी तो उसने देखा कि उसके पति ने बेटे किनू का धारदार हथियार से प्रहार कर जबड़ा फाड़ दिया है। कुरैशी के मुताबिक अनन्या ने पूछने पर मां को बताया कि रात में उसके पिता ने किनू को मार कर सुला दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में रीना तिवारी की तहरीर पर रूपेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# फतेहपुर और बरेली मामले में पुलिस का दोहरा रवैया, देश में दो तरह के कानून : इमरान मसूद

**मुरादाबाद प्रहरी, सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने बरेली में पिछले महीने हुई हिंसा के बाद पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि सरकार फतेहपुर में मजार तोड़ने वालों और बरेली में हिंसा के आरोपियों से अलग-अलग बर्ताव कर रही है।

उन्होंने कहा, ''इससे जाहिर होता है कि देश में दो तरह के कानून चल रहे हैं।'' मसूद ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में दावा किया कि बरेली में पुलिस पिछले महीने 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में बेकुसूर मुसलमानों को भी झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेज रही है, यह कार्रवाई दर्शाती है कि देश में दो तरह के कानून चल रहे हैं। उन्होंने दलील देते हुए कहा, ''फतेहपुर में जब मजार के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की जाती है, कब्रों पर खड़े होकर उनकी बेअदबी की जाती है तो कोई कार्रवाई नहीं होती। न तो वहां पुलिस का डंडा चलता, न हाथ-पैर तोड़े जाते हैं, न गोली चलती है।''

कांग्रेस सांसद ने कहा, ''कांवड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले ढाबों को तोड़ दिया जाता है, उनमें आग लगा दी जाती है, उन्हें लूट लिया जाता है, राहगीरों के साथ मारपीट की जाती है



और कानून का मजाक बना दिया जाता है तो कोई कार्रवाई नहीं होती, बल्कि समझा-बुझाकर शांत किया जाता है लेकिन अगर पोस्टर (आई लव मोहम्मद का पोस्टर) लेकर कोई खड़ा हो गया तो आप (पुलिस) हाथ-पैर भी तोड़ देंगे, पैरों पर गोली भी मार देंगे। तो सच्चाई तो यही है कि दो अलग-अलग वर्गों के लिये अलग-अलग तरह का कानून लागू है।''

उन्होंने कहा, ''इस तरह का जो हाल उत्तर प्रदेश में चल रहा है, वह ठीक नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र को तबाह कर दिया है। आपस में इतनी नफरत पैदा की जा रही है कि देश में रहना मुश्किल हो जाये। अमन और शान्ति बिल्कुल खत्म हो जाये। माहौल खराब होगा तो देश का आम आदमी पिसेगा।''

### "कांवडियों ने होटल में तोड़फोड़ की"

सांसद ने मुजफ्फरनगर में हाल में कथित रूप से कांवड़ियों द्वारा एक होटल में की गयी तोड़फोड़ कर जिक्र करते हुए कहा, ''आप देखिये कि मुजफ्फरनगर में कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहां किसे गोली मारी गयी, कौन गिरफ्तार हुआ, किसके हाथ–पैर तोड़े गये? वहां एक महिला ने पूरे जीवन की पूंजी लगाकर अपना एक होटल बनाया था, उस पूरे होटल को तबाह कर दिया था। वहां गुंडागर्दी की इंतेहा थी, तो क्या कार्यवाही हुई? पुलिस तमाशा देखती रही।'' मसूद ने कहा, ''अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामला खत्म कर दिया गया। ऐसी घटनाओं की वीडियो मौजूद हैं, सब नजर आ रहा है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।'' 'आई लव मोहम्मद' अभियान का जिक्र करते हुए मसूद ने कहा कि पोस्टर के प्रदर्शन को वह ठीक नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब से प्रेम दिखाने के लिये किसी पोस्टर की जरूरत ही नहीं है। मुसलमान होना अपने आप में इस बात की गारंटी है कि उसके दिल में पैगम्बर मोहम्मद के लिये मोहब्बत है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से तीन साल की मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मुरादाबाद प्रहरी, मंडी धनौरा।** मां के साथ दवा लेकर गांव वापस जा रही तीन साल की मासूम की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। मौत की जानकारी मिलने पर परिजन विलाप करने लगे। परिजनों ने बगैर पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

गांव मिट्ठनपुर निवासी हरवेंद्र की तीन साल की बेटी यशी कुछ दिन से बीमार चल रही थी। रविवार को हरवेंद्र की पत्नी बेटी को दवा दिलाने के लिए नगर के एक चिकित्सक के पास आई थी। वापसी में पत्नी गांव जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार हुई। रिक्शा चालक ने मां-बेटी को डींगरा मार्ग से गांव जाने वाले रास्ते के बाहर उतार दिया। इस दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने तीन साल की मासूम यशी को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। मौत की जानकारी मिलने पर मौके पर आए परिजन रोने बिलखने लगे। परिजनों ने बगैर पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बरेली बवाल: मौलाना तौकीर रजा के एक और करीबी का बरातघर सील

## बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने सपा पार्षद के शोरूम पर भी की कार्रवाई, 26 सितंबर को हुआ था बवाल



**मुरादाबाद प्रहरी, बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने सोमवार को सपा के पूर्व पार्षद वाजिद बेग के बरातघर को सील कर दिया। यह बरातघर फरीदापुर चौधरी में है। बीडीए अफसरों के मुताबिक अवैध तरीके से बरातघर का निर्माण कराया था। कई बार रोकने के बावजूद निर्माण नहीं रोका गया। इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

वाजिद बेग सपा से पार्षद रह चुके हैं। मौलाना तौकीर के करीबी बताए गए हैं। उनके बरातघर पर सीलिंग की कार्रवाई के दौरान सीओ पंकज श्रीवास्तव, बीडीए के अफसर और भारी पुलिस बल तैनात रहा। बीडीए टीम ने बरातघर पर लगा ताला तोड़कर अपना ताला लगाकर सील लगा दी। नोटिस भी चस्पा किया गया है। चेतावनी दी गई है कि सील को क्षतिग्रस्त करने या हटाने पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बरातघर सील करने के बाद बीडीए की टीम अचानक कोहाड़ापीर पहुंच गई। टीम ने यहां सपा पार्षद मुन्ना का बाइक शोरूम सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान सपा पार्षद व कर्मचारी शोरूम में ही थे। उन्हें बाहर निकाल दिया गया। इस कार्रवाई को भी बवाल से जोड़कर देखा जा रहा है। इस पार्षद मुन्ना का कहना है कि वह बवाल के दिन कहीं गए भी नहीं थे। उनके नवासे का हाथ टूटा था। वही गया था। उसके बाद यहीं रहा। पार्षद ने बताया कि वह कैंसर पीड़ित है। मेरे यहां कैमरे लगे हैं। जो लोग शामिल रहे, उन पर कार्रवाई करें। मौलाना तौकीर की पार्टी अलग है, मेरी अलग विचारधारा अलग है।

शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद बीडीए अब तक मौलाना तौकीर के कई करीबियों की संपत्तियों को सील कर चुका है। पीलीभीत रोड पर आरिफ के फहम लान, फ्लोरा गार्डन और उसकी पत्नी का स्काई लार्क होटल, नरियावल स्थित शराफत के बरातघर को भी बीडीए सील कर चुका है। नौमहला मस्जिद के पास आरोपी नदीम की चार दुकानें भी सील की जा चुकी हैं। मौलाना को शरण देने वाले फरहत का मकान भी सील हो चुका है।

# शोभित के हत्यारे को पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद प्रहरी, मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस द्वारा, दिनांक 29.09.2025 को थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या के प्रकरण में 02 ईनामी (25 हजार रुपये) अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व एक मोटर साइकिल बरामद की गई।

29 सितंबर को बल्देवपुरी थाना कटघर थाना क्षेत्र कटघर में शोभित पुत्र घनश्याम निवासी सूरजनगर फल मण्डी रोड पीतल बस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी इसमें कटघर पुलिस के द्वारा जतिन उर्फ लाला पुत्र सुरेश निवासी कच्ची बस्ती पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद,अक्कू उर्फ अनुकलप शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी सूरजनगर हाल निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना कटघर मुरादाबाद ,रोहित सागर पुत्र विजय सिंह निवासी बंसत बिहार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ,अविनाश पुत्र राजेन्द्र निवासी कच्ची बस्ती पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद द्वारा घेरकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में मृतक के पिता वादी घनश्याम पुत्र स्व0 वीरपाल सिंह निवासी गुलाबवाडी चुंगी सूरजनगर निकट शुभम बैंकट हाल पीतल बस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था




इसमें विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम लगातार घटना में संलिप्त अपराधियों की तलाश कर रही थी, दिनांक 05.10.2025 को गठित टीम के द्वारा थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत कल्याणपुर की मढेय़ा के पास चैकिंग के दौरान घटना मे शामिल वाँछित/ईनामी अभियुक्तगण को थाना कटघर मुरादाबाद ने पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व एक मो0सा0 बरामद हुई, घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु जिला अस्पताल, मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सीएमओ ने किया शुभारम्भ, 31 अक्टूबर तक चलेगा



**मुरादाबाद प्रहरी, संवाददाता।** 05 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने फीता काटकर व शपथ ग्रहण कराते हुए किया।

उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से शुरू हुई और पीली-कोठी होते हुए जिला संयुक्त चिकित्सालय पर समापन किया गया। रैली के आयोजन का उद्देश्य जन सामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना है जिससे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण किया जा सके। इस कार्यक्रम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव कुमार बेलवाल, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला मलेरिया अधिकारी/जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ प्रवीन श्रीवास्तव एवं समस्त अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ की टीम, जिला/नगरीय मलेरिया अधिकारी कार्यालय के मलेरिया निरीक्षक आदि मौजूद रहे।


# मां की जरा सी लापरवाही दे गई गम, पानी की बाल्टी में मिली दो साल की बेटी की लाश

**मुरादाबाद प्रहरी, उझारी (अमरोहा)।** रविवार की सुबह घर के काम में मां की व्यस्तता से दो वर्षीय साल की बेटी की जान पर बन गई। काम के दौरान पांच मिनट बाद जैसे ही मां का ध्यान बेटी यतिका की ओर गया तो उनकी चीख निकल गई। यतिका बाल्टी में औंधे मुंह गिरी हुई थी। बेटी को निजी चिकित्सक को दिखाया मगर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

मासूम की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल हो चला है। कस्बे के मोहल्ला मंसूरपुर में रामनिवास सैनी के घर में रविवार की सुबह कोहराम मच गया। वह बाहर रहकर काम करते हैं। घर पर उनकी पत्नी विशाखा व दो बेटियां रहती हैं।

रविवार को विशाखा सुबह करीब 10 बजे घर में साफ सफाई कर रही थी। उनकी दो वर्षीय बेटी यतिका भी पास में ही खेल रही थी। वह खेलते-खेलते कमरे से बाथरूम की ओर चली गई और मां को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद बेटी को तलाशने के लिए पांच वर्षीय बड़ी बेटी तृष्णा को आवाज दी। उसे यतिका को बुलाने के लिए कहा।

तृष्णा ने यतिका को तलाशना शुरू किया। उसे जब आसपास वह नहीं दिखी तो वह बाथरूम की ओर गई। वह बाथरूम में पानी की बाल्टी में औंधे



मुंह गिरी थी। इस पर उसने अपनी मां को आवाज दी। आवाज सुनकर विशाखा दौड़कर बाथरूम की ओर पहुंची और चिल्लाने लगी। मासूम की मौत से मां व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग वहां पहुंच गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह का कहना है कि माता-पिता को यह समझना चाहिए कि दो साल के बच्चे को एक पल के लिए भी पानी से भरे किसी भी बर्तन या जगह के पास अकेला नहीं छोड़ना चाहिए।

# मुरादाबाद में झमाझम बारिश के बाद बदला मौसम, बिजली गिरने से खेत में काम कर रही महिला समेत दो की मौत

**मुरादाबाद प्रहरी, मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सोमवार दोपहर शहर और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश के बाद मौसम में अचानक बदलाव आ गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन इसी बीच बिलारी क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया। खेतों में काम कर रहे एक महिला और पुरुष किसान की बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक, बिलारी के मोहल्ला अंसारियान पूर्वी के पास सरकड़ा गांव के जंगल में सोमवार दोपहर बाद दो किसान खेतों में काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहल्ला अंसारियान फुलवारी रोड निवासी साहबजादी (60) पत्नी नन्हे उर्फ हमीद और मिलक नगलिया गांव निवासी शिव सिंह (58) पुत्र मुरारी लाल के रूप में हुई है। शिव सिंह ने बटाई पर जमीन लेकर धान की फसल बोई थी।

सोमवार दोपहर करीब तीन बजे वह खेत में धान काटने गया था। तभी अचानक तेज गर्जना





और चमक के साथ बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, साहबजादी अपने पति नन्हे उर्फ हमीद के साथ पालक की फसल की गुड़ाई कर रही थीं। दोनों खेत के अलग-अलग हिस्सों में काम कर रहे थे।

बिजली गिरने के दौरान साहबजादी भी कुछ ही दूरी पर थीं, जिससे उनकी भी मौके पर मौत हो गई। हमीद ने घबराकर शोर मचाया और आसपास के किसानों को बुलाया। ग्रामीणों ने दोनों को हिलाया-डुलाया, लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। परिजन साहबजादी को लेकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक योगेश कुमार कश्यप के लिए ए.एच. प्रिंटर्स, ए-11 असालतपुरा लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद से छपवाकर कार्यालय "मुरादाबाद प्रहरी" (हिंदी साप्ताहिक) म.नं. 1087 पीतल बस्ती, निकट बिजली घर के पास रामपुर रोड, मुरादाबाद (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं वितरित किया गया। संपादक : योगेश कुमार कश्यप मोबाइल : 9837161743 E-mail : moradabadprahari@gmail.com, RNI No. UPHIN/2021/83522

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।